दिन– मंगलवार दिनांक– 16 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं। गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और महानन्दा नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

02. विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत। स्थानीय लोगों ने हत्या की जताई आशंका।

03. पटना उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में आरा की निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगायी।

04. और, प्रदेश में पंचायत वन महोत्सव शुरू। पंद्रह सितम्बर तक चलने वाले अभियान के तहत साढ़े पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य।

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और महानन्दा नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, गंगा नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और भागलपुर कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगातार पानी छोड़े जाने के चलते तटबंधों पर दबाव बढ गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

पश्चिम चंपारण में गंडक नदी तबाही मचा रही है। जिले के योगापट्टी प्रखंड के 5 पंचायत पूरी तरह से बाढ प्रभावित हैं जबकि सात पंचायत आंशिक रुप से बाढ़ की चपेट में हैं। सिसवा, मंधातापुर, गोडियाटोली, पूरबटोला, बीनटोली, जबलपुर खुटवनिया और बैसिया सहित एक दर्जन से अधिक गांवों मे लोगों के घरों मे दो से तीन फिट पानी लगा हुआ है। इधर, लौरिया के विधायक विनय बिहारी योगापट्टी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित कई गांवो का दौरा किया और अधिकारियों को राहत कार्य चलाने का निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चंपारण जिले में भी गंडक नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। इधर, गोपालगंज जिले में भी बाढ़ की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

गोपालगंज सदर प्रखंड के रामपुर टेंगराही पंचायत के राजवाही और सेमराही गांव पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर चुके है। बाढ़ प्रभावित लोग पिछले एक सप्ताह से सड़कों पर अस्थायी आशियाना बनाकर रहने के लिए मजबूर है। कुछ बाढ़ प्रभावितों ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत की।

———वाक्सपॉप———

इधर, बाढ़ प्रभावित लोगों में राहत समाग्री नहीं मिलने को लेकर आक्रोश है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों का भी खतरा बढ़ गया है। गोपालगंज से मदेश कुमार तिवारी।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में कोसी और गंगा नदी लगातार तबाही मचा रही है।

———बाईट———

जिले के कहलगांव, गोपालपुर, घोघा, खरीक, नाथनगर के दियारा वाले क्षेत्र बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कहलगांव प्रखंड के बीरबन्ना पंचायत के तौफिल और इसके आसपास के ग्रामीण इलाके में भी बाढ़ का असर देखा जा रहा है। तेज कटाव के कारण बीरबन्ना पंचायत के तौफिल गांव के अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है। गंगा की सहायक नदियां कोवा, भैना, गेरुवा नदी में उफान से इस इलाके के निचले क्षेत्र में पानी फैलने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। एक रिपोर्ट——

———बाईट———

कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा लगातार तटबंधों की निगरानी की जा रही है। दबाव वाले स्पर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। इधर सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत ने बाढ़ग्रस्त पंचायतों का दौरा किया है। उन्होंने इस दौरान बाढ़ पीड़ित लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इधर बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए बड़ी संख्या में नाव का परिचालन शुरू कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

मुजफ्फरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———बाईट———

मुजफ्फरपुर में बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण औराई और कटरा प्रखंड के दर्जनों पंचायत में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कटरा प्रखंड का गंगिया पट्टी वार्ड नं 3 चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गया है। लोग बांस का मचान बनाकर रह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। साथ ही किसी प्रकार की सरकारी सहायता भी नहीं मिल रही है। इस बीच कटरा की अंचलाधिकारी मधुमिता कुमारी ने बताया कि जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय बनाकर राहत और बचाव के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

दरभंगा में कमलाबलान, बागमती, करेह, कोसी और अधवारा समूह की नदियों में लगातार पानी बढ़ रहा है। कमलाबलान नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसे दस गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है। इधर, शिवहर, मधुबनी और सहरसा जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हैं।

———————————————

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस से बहत्तर घंटों के दौरान राज्य में मॉनसून के प्रभाव से बारिश नहीं होने की संभावना है। इस दौरान तापमान और उमस में बढ़ोतरी होगी। श्री पटेल ने बताया कि स्थानीय कारकों के प्रभाव से हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

———बाईट———

---

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभंगा जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल स्थित उनके आवास से शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। अपराधियों ने किसी धारदार हथियार से इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में आरा की निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकल पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। न्यायालय अब इस मामले की सुनवाई सीबीआई की ओर से दायर याचिका के साथ करेगा।

---

सीबीआई की टीम ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में छापेमारी कर राजकुमार उर्फ राजू को हिरासत में लिया। सीबीआई को राजू के पास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं।

---

नीट यूजी पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। पटना सिविल कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को सीबीआई की विशेष अदालत में स्थानांतरित कर दिया है। विशेष अदालत मामले में सुनवाई की

तारीख तय करेगा। गौरतलब है कि संजीव मुखिया इस मामले में फरार है। उसने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

---

प्रदेश में पंचायती राज विभाग ने पंचायत वन महोत्सव की शुरूआत की है। विभागीय मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पंद्रह सितम्बर तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत प्रदेश में पांच लाख पचास हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। ये पौधे बरगद, पीपल, नीम, महुआ और आम के होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में पांच पौधे लगाये जायेंगे।

---

बिहार, लोगों तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के मामले में देशभर में तीसरे स्थान पर है। नीति आयोग के चौथे सतत विकास लक्ष्य रिपोर्ट में ये बात सामने आई है। इस मामले में गोवा और हिमाचल प्रदेश बिहार से आगे हैं।

---

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले में ब्रह्मयोनि पहाड़ पर हरियाली अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत स्थानीय वन प्रमंडल द्वारा सीड बॉल तकनीक के माध्यम से बंजर पहाड़ों पर पौधे उगाए जायेंगे। गौरतलब है कि इस तकनीक के माध्यम से औरंगाबाद के पहाड़ी इलाकों में भी पौधे विकसित किये जायेंगे।

---

पटना–बख्तियारपुर फोर लेन पर ओवरब्रिज के पास आज तड़के हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के सड़क किनारे खड़े हाईवा से टकरा जाने के कारण यह हादसा हुआ। चार पहिया वाहन में ग्यारह लोग सवार थे और ये सभी नवादा जिले के हिसुआ से पटना आ रहे थे।

---

मणिपुर के जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में शहीद हुए मधुबनी निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा का पार्थिव शरीर कल शाम पटना पहुंचा। राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि

अर्पित की। शहीद जवान का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव मधुबनी जिले के बांकी में किया जाएगा।

———————————————————

प्रदेश में श्रावणी मेले के दौरान नौ जिलों में एक सौ दस स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इन जिलों के सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये। श्री पांडेय ने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तिरासी एम्बुलेंस तैनात की जायेगी।

———————————————————

पूर्व मध्य रेलवे श्रावणी मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच जोड़ी ट्रेन चलायेगा। रेलवे के मुख्य जनसपंर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस दौरान पटना और गया से मधुपुर के लिए, जयनगर से आसनसोल और रक्सौल तथा सरायगढ से देवघर के लिए एक–एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जायेगी।

———————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु के सड़क मार्ग पर निर्माण कार्यों के चलते आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। निर्माण कंपनी ने बताया कि इस संबंध में पटना और बेगूसराय जिला प्रशासन के साथ–साथ रेलवे को भी जानकारी दे दी गयी है।

———————————————————

राज्य के सामान्य स्कूलों में मुहर्रम की छुट्टी अब सत्रह जुलाई को होगी। पूर्व में घोषित अवकाश तालिका में अठारह जुलाई की तिथि निर्धारित थी। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————

पंचायती राज विभाग द्वारा सोनपुर में पंचायत संसाधन केन्द्र और प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। विभागीय मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इस केंद्र में पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायोगा। श्री गुप्ता ने कहा कि विकसित गांव के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गरीबी मुक्त और आजीवीका उन्नत गांव समेत नौ बिन्दुओं पर कार्य किये जायेंगे।

---

मुंगेर में आयोजित अंडर–सेवेंटीन सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले बालक वर्ग के मैच में कटिहार ने औरंगाबाद की टीम को छह–शून्य से पराजित कर दिया। वहीं, बालिका वर्ग में कैमूर, सीवान और मुंगेर की टीम ने अपने–अपने मैचों में जीत हासिल की है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– स्कूलों को पांच श्रेणियों में बांट शिक्षकों का होगा पदस्थापन। शिक्षा विभाग की कमिटी की रिपोर्ट पर तबादला नियमावली में होगा संशोधन।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– निजी कंपनियों से बीएसएनएल में लौट रहे उपभोक्ता।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– एएसआई ने एक हजार सात सौ अवशेषों के आधार पर माना भोजशाला मंदिर का हिस्सा।

**प्रभात खबर** लिखता है– ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में सीबीआई चार्जशीट रद्द करने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक।

**आज** अखबार की सुर्खी है– पंद्रह सीओ का वेतन बंद।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– के.पी. शर्मा ओली चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं। गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और महानन्दा नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर।

02. विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत। स्थानीय लोगों ने हत्या की जताई आशंका।

03. पटना उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में आरा की निचली अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगायी।

04. और, प्रदेश में पंचायत वन महोत्सव शुरू। पंद्रह सितम्बर तक चलने वाले अभियान के तहत साढ़े पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।